# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 8TH



aglasem.com

Class : 8th

Subject : दूर्वा

Chapter : 5

Chapter Name : नाटक में नाटक

Q1 (क) बच्चों ने मंच की व्यवस्था किस प्रकार की?

(ख) पर्दे की आड़ में खड़े अन्य साथी मन-ही-मन राकेश की तुरंत-बुद्धि की प्रशंसा क्यों कर रहे थे?

(ग) नाटक के लिए रिहर्सल की जरूरत क्यों होती हैं?

Answer. (क) मोहल्ले के सभी बच्चों ने एक-साथ मिलकर फ़ालतू पड़े छोटे से सार्वजनिक मैदान में घास व कुछ विविध प्रकार के फूल-पौधे लगाए और साथ ही साथ वहीं एक मंच भी बना लिया था।
(ख) पर्दे की आड़ में खड़े अन्य साथी मन ही मन राकेश की तुरंत-बुद्धि की प्रशंसा इसलिए कर रहे थे क्योंकि उसने बिगड़े हुए नाटक को बहुत ही चतुराई से तुरंत संभाल लिया था। सभी को ऐसा प्रतीत हुआ कि इन्होंने नाटक में नाटक की कठिनाइयाँ बताई हैं। सभी दर्शकों ने नाटक को खूब सराहा और आखिर में प्रशंसा करते चले गए।
(ग) कोई भी नाटक बिना तैयारी के सफल नहीं हो सकता हैं क्योंकि जितने भी नए कलाकार मंच पर आते है। वह आकर डर जाते हैं। कलाकारी में मंझे हुए खिलाड़ी भी बिना रिहर्सल के घबरा जाते हैं, क्योंकि उन्हें अपने डायलॉग को प्रभावी ढंग से बोलने के लिए कई बार दोहराना पड़ता है और रिहर्सल में नाटक की बारीकियों की चर्चा होती हैं।

Page : 34 , Block Name : पाठ से

Q2 "नाटक में अभिनय करने वाले कलाकार भी नए हो, मंच पर आकर डर जाते हो, घबरा जाते हों और कुछ-कुछ बुद्ध भी हों, तब तो अधूरी तैयारी से खेलना ही नही चाहिए|"

ऊपर के वाक्य में नाटक से जुड़े कई शब्द आए हैं; जैसे- अभिनय , कलाकार और मंच आदि।
तुम पूरी कहानी को पढ़कर ऐसे ही और शब्दों की सूची बनाओ।
तुम इस सूची की तालिका इस प्रकार बना सकते हो–

| व्यक्तियों या वस्तुओं के नाम | काम |
|---|---|
| कलाकार, मंच | अभिनय |

Answer. व्यक्ति या वस्तुओं के नाम काम

aglasem.com

| | |
|---|---|
| मैदान | निर्देशन, |
| साज-सज्जा | चित्रकार, |
| माइक, पर्दा | संगीतकार |

Page : 34 , Block Name : नाटक की बात

Q3 "सोहन बना था शायर।"
तुम किसी गज़ल को किसी पुस्तक में पढ़ सकते हो या किसी व्यक्ति द्वारा गाते हुए सुन सकते हो। इसमें से तुम्हें जो भी पसंद हो उसे इकट्ठा करो। उसे तुम समुचित अवसर पर आवश्यकतानुसार गा भी सकते हो।

Answer. बच्चे स्वयं प्रयास करे।

Page : 34 , Block Name : शायर और शायरी

Q4 "श्याम घबरा गया। वह सहसा चुप हो गया। उसके चुप होने से चित्रकार और शायर महोदय भी चुप हो गए। होना यह चाहिए था कि दोनों कोई बात मन की ही बनाकर बात आगे बढ़ा देते ।"
अगर तुम श्याम की जगह होते, तो अपने मन से कौन से संवाद जोड़ते।लिखो।
Answer. अगर मैं श्याम की जगह होता तो संगीतकार की कला की बखान करने लगता। बताता कि क्यों संगीतकार इतना महान है और हो सकता है कि इसी बीच मुझे पंक्तियाँ याद आ जाती और सब कुछ अच्छा चलने लगता।

Page : 34 , Block Name : तुम्हारे संवाद

Q5 नीचे लिखे वाक्य पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो।
"राकेश को गुस्सा भी आ रहा था और रोना भी।"
(क) तुम्हारे विचार से राकेश को गुस्सा और रोना क्यों आ रहा होगा?
"राकेश मंच पर पहुंच गया। सब चुप हो गए, सकपका गए।"
(ख) तुम्हारे विचार से राकेश जब मंच पर पहुँचा, बाकी सब कलाकार क्यों चुप हो गए होंगे?
"दर्शक सब शांत थे, भौंचक्के थे।"
(ग) दर्शक भौंचक्के क्यों हो गए थे?
"मैंने कहा था न कि रिहर्सल में भी यह मान कर चलो कि दर्शक सामने ही बैठे हैं।"
(घ) राकेश ने ऐसा क्यों कहा होगा?

aglasem.com

Answer. (क) राकेश को गुस्सा और रोना इसलिए आ रहा था क्योंकि उसकी सारी मेहनत बेकार जा रही थी। उसने इसके लिए बहुत मेहनत की थी।उसकी सारी इज़्ज़त मिट्टी में मिलती नज़र आ रही थी। ये देखकर उसे रोना भी आ रहा था।

(ख) जैसे ही राकेश मंच पर चढ़ा सब चुप हो गए क्योंकि राकेश का नाटक में कोई रोल नही था, सब सोच रहे थे कि ये यहाँ क्यों आये हैं। इसीलिए सब चुप हो गए तथा सकपका गए।

(ग) सब दर्शक भौंचक्के हो गए थे, सोच रहे थे कि नाटक बिगड़ गया और राकेश ने बात संभाल ली, उससे दर्शक के अंदर कौतूहल आया कि नाटक के अंदर ही नाटक था, इससे दर्शक रोमांचित हो उठे। इस नाटक को देखते हुए उन्हें सब कुछ अजीब लग रहा था एक एक पल कौतूहल से भरा था जिसके कारण नाटक में सब दर्शक शांत थे।

(घ) राकेश ने ऐसा इसलिए कहाँ ताकि सब लोगों की घबराहट दूर हो सके और नाटक को ठीक किया जा सके।

Page : 35 , Block Name : सोचो, ऐसा क्यों?

Q6 कहानी में से चुनकर कुछ संवाद नीचे दिए गए हैं।
उन संवादों को अभिनय के साथ बोल कर दिखाओ।

(क) चित्रकार महोदय हाथ में कूची पकड़े -आँखें नचा-नचाकर, मटक -मटककर बोल रहे थे, "अरे चमगादड़ तुझे क्या खाक शायरी करना आता है। ज़बरदस्ती ही तुझे यह पार्ट दे दिया। तूने सारा गड़बड़ कर दिया"

(ख) मोहन बोला, "मेरा तो दिल बहुत जोरों से धड़क रहा है।"

(ग) राकेश पहुंचते ही एक कुर्सी पर बैठते हुए बोला, " आज मुझे अस्पताल में हाथ पर पट्टी बनवाने में देरी हो गई, तो तुमने इस तरह रिहर्सल की है। ज़ोर ज़ोर से लड़ने लगे ।"

(घ) चित्रकार महोदय ने हाथ उठाकर कहा, " देख, मुंह संभालकर बोल।"

Answer. बच्चे स्वयं करे।

Page : 35 , Block Name : चलो अभिनय करें

Q7 शब्दों का फेर
जब संगीत की स्वर लहरी गूंजती है तो पशु-पक्षी तक मुग्ध हो जाते हैं, शायर साहब ! आप क्या समझते हैं संगीत को?

इस संवाद को पढ़ो और बताओ कि-

(क) कहानी में इसके बदले किसने, क्यों और क्या बोला? तुम उसको लिख कर बताओ।

(ख) कहानी में शायर के बदले गाजर कहने से क्या हुआ? तुम भी किसी शब्द के बदले किसी अन्य शब्द का प्रयोग कर दो तो क्या होगा?

aglasem.com

Answer. (क) संगीतकार साहब ने गड़बड़ी में यह कह दिया कि "जब संगीत की स्वर लहरी गूंजती है तो पशु-पक्षी तक मुँह की खा जाते हैं, गाजर साहब ! आप क्या समझते हैं हमें?
(ख) शायर को गाजर कहने से शायर साहब गुस्सा हो गए और वो भी आवेश में आकर उनसे झगड़ने लगें, उन्होंने कहा कि "तुम्हारा सर! गाजर साहब हूँ मैं?" इसपर दर्शक हँसने लगे। अगर मुझसे भी कभी किसी शब्द के बदले कोई और शब्द निकल जाए तो मेरी हँसी उड़ाई जाएगी। मुझे परिपक्व नही समझा जाएगा।

Page : 35 , Block Name : शब्दों का फेर

Q8 तुम्हारा शीर्षक
इस कहानी का शीर्षक 'नाटक में नाटक' है। कहानी में जो नाटक है तुम उसका शीर्षक बताओ।
Answer. कहानी में जो नाटक है उसका शीर्षक है " बड़ा कलाकार"।
Page : 36 , Block Name : तुम्हारा शीर्षक

Q9 कहानी में चित्रकार बना मोहन, शायर बना सोहन और संगीतकार बना श्याम अपनी अपनी कला को महान बताने के साथ-साथ एक दूसरे को छोटा बड़ा बताने वाले संवादों को बोलकर झगड़े की समस्या को बढ़ावा देते दिख रहे हैं। उन संवादों को गौर से पढ़ो और इस तरह बदल कर दिखाओ की आपसी झगड़े की समस्या का समाधान हो जाए। चलो शुरुआत हम कर देते हैं; जैसे- 'चित्रकार कहता है उसकी कला महान' के बदले अगर चित्रकार कहे कि 'हम सब की कला महान' तो झगड़े की शायद शुरुआत ही न हो। अब तुम यह बताओ कि-
(क) संगीतकार को क्या कहना चाहिए?
(ख) शायर को क्या कहना चाहिए?
(ग) तुम यह भी बताओ कि इन सभी कलाकारों को तुम्हारे अनुसार वह संवाद क्यों कहना चाहिए?
Answer.
(क) संगीतकार को भी कहना चाहिए कि" हाँ, हम सब की कला महान है।"
(ख) शायर को भी कहना चाहिए कि "जनाब सही कह रहे हैं कि हम सबकी कला महान है।
(ग)मेरे अनुसार इसलिए यह कहना चाहिए क्योंकि इससे सब कला की जय होगी। कला कोई छोटी बड़ी नही होती, सब समान होती है। इसलिए सबको एक दूसरे की कला का सम्मान करना चाहिए।
Page : 36 , Block Name : समस्या और समाधान

Q10 वाक्यों की बात
नीचे दिए गए वाक्यों के अंत मे सही विराम चिन्ह लगाओ -


Aglasem Schools

(क) शायर साहब बोले उधर जाकर सुन ले न

(ख) सभी लोग हँसने लगे

(ग) तुम नाटक में कौन-सा पार्ट कर रहे हो

(घ) मोहन बोला अरे क्या हुआ तुम तो अपना संवाद भूल गए

Answer.

(क) शायर साहब बोले - उधर जाकर सुन ले न।

(ख) सभी लोग हँसने लगे।

(ग) तुम नाटक में कौन सा पाठ कर रहे हो?

(घ) मोहन बोला, अरे! क्या हुआ तुम तो अपना संवाद भूल गए|

Page : 36 , Block Name : वाक्यों की बात

aglasem.com